# कार्यालय नगर निगम, झाँसी

हरित झाँसी | स्वच्छ झाँसी

## ई–निविदा सूचना
## (अति अल्पकालीन निविदा सूचना)

नगर निगम झाँसी के कर्मशाला विभाग में रखी निष्प्रयोज्य सामग्री वाहनो की ई–टेण्डर के माध्यम से निविदा आमंत्रित करने हेतु निम्न शिड्यूल के अनुरूप (अति अल्पकालीन निविदा सूचना) ऑनलाईन ई–टेण्डरिंग http://etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। प्रतिभूति की धनराशि RTGS/NEFT के माध्यम से ऑन लाईन जमा की जायेगी।

| क्र.सं. | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 01. | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि | 11.2.2026 अपरान्ह 02:00 बजे से |
| 02. | बिड समाप्ति की तिथि एवं समय | 17.2.2026 अपरान्ह 03:00 बजे तक |
| 03. | बिड खोलने की तिथि एवं समय | 17.2.2026 अपरान्ह 04:00 बजे तक |

नोट :–

01. निविदा से सम्बन्धित सूचना व शर्ते नगर निगम झाँसी की वेबसाईट www.jnnjhansi.com एवं निष्प्रयोज्य सामग्री पंववटी स्थिति कर्मशाला विभाग में रखी है जो किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकते है।
02. निविदादाता को वेबसाईट http://etender.up.nic.in में पंजीकृत होना अनिवार्य है। पंजीकरण न होने पर निविदा डालना सम्भव नहीं होगा।
03. ई–निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन की सूचना को वेबसाईट पर अपलोड कर प्रकाशित किया जायेगा।सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
04. एक अथवा सभी निविदाओं को कारण बताये अथवा बिना बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम झाँसी में निहित होगा।

अपर नगर आयुक्त | नगर आयुक्त

---

पत्रांक :–373 /अ0न0आ0/न0नि0/2025–26 | दिनांक :–10.2.26

प्रतिलिपि :–

01. दैनिक सम्पादक दैनिक जागरण, उपयोग, झाँसी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना का प्रकाशन मुख्य पृष्ठ को छोड़कर न्यूनतम स्पेस में 10 के फॉन्ट में प्रकाशित कर समाचार पत्र की 03 प्रतियाँ के साथ बिल भिजवाने का कष्ट करें।
02. सदस्य निविदा समिति, नगर निगम झाँसी को इस आशय से उक्त तिथि में निविदा सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चित करायें।
03. प्रभारी नाजिर नगर निगम झाँसी को इस आशय के साथ कि उक्त निविदा सूचना कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
04. पी0ए0 नगर आयुक्त को विज्ञापन पंजिका में दर्ज करने हेतु।
05. आई0टी0 एक्सपर्ट नगर निगम, झाँसी को वेबसाईट पर अपलोड हेतु।

अपर नगर अयुक्त
नगर निगम, झाँसी

# कार्यालय कर्मशाला विभाग नगर निगम झाँसी

**विषयः—** **निष्प्रयोज्य सामग्री कन्टेनर्स, हैण्ड ठेला, टायर टियूब, वाहनो से निकले कलपुर्जे, जला हुआ मोबिलऑयल, ई—रिक्सा, कॉपर वायर, एल्मोनियम वॉयर, लीड वॉयर एवं होर्डिग्स से निकला स्क्रेप के विक्रय ई—निविदा के माध्यम से आमंत्रित की जाने वाली निविदा की सामान्य शर्ते।**

## सामान्य शर्ते

नगर निगम झाँसी के पंचवटी स्थित कर्मशाला विभाग में रखी निष्प्रयोज्य सामग्री जो है जहाँ कि स्थिति में निष्प्रयोज्य सामग्री कन्टेनर्स, हैण्ड ठेला, टायर टियूब, वाहनो से निकले कलपुर्जे, जला हुआ मोबिलऑयल, ई—रिक्सा, कॉपर वायर, एल्मोनियम वॉयर, लीड वॉयर एवं होर्डिग्स से निकला स्क्रेप के विक्रय की **ई—निविदा** के माध्यम से निविदा आमंत्रित किये जाने हेतु सामान्य शर्तो का विवरण निम्नवत् हैः—

01. विक्रय हेतु निष्प्रयोज्य सामग्री की निविदा के साथ **10 प्रतिशत** धरोहर राशि **रू0 61,000/— (रू0 इक्सठ हजार मात्र)** की F.D.R नगर आयुक्त नगर निगम झाँसी के नाम बन्धक कर मूल प्रति निविदा खुलने से पूर्व कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा या RTGS के माध्यम से नगर निगम झाँसी के यूनियन बैक ऑफ इण्डिया के खाता संख्या—346102011000102 I.F.S.C कोड UBIN0563102 में जमा करना होगा। पूर्व में जमा कोई धरोहर राशि इस निविदा की धरोहर राशि के रूप में मान्य नही होगी।
02. फर्म के एच0—1 होने के उपरान्त कार्यादेश प्राप्त होने के दिनांक से एक सप्ताह के अन्दर नगर निगम झाँसी के साथ निर्धारित स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा।
03. कार्य की निविदा का शुल्क रू0 5000/— + जी0एस0टी0 अतिरिक्त जो नगर निगम झाँसी के यूनियन बैक ऑफ इण्डिया के खाता संख्या—346102011000102 I.F.S.C कोड UBIN0563102 में RTGS के माध्यम से या नगद नगर निगम कार्यालय के कक्ष संख्या—24 में जमा की जा सकती है।
04. फर्म के एच0—1 होने के उपरान्त कार्यादेश प्राप्त होने के दिनांक से एक सप्ताह के अन्दर निष्प्रयोज्य सामग्री की कीमत का 50 प्रतिशत धनराशि अग्रिम एवं सामग्री उठाने से पूर्व सामग्री की सम्पूर्ण धनराशि नगर निगम कोष में जमा करना अनिवार्य होगा।
05. किसी भी निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम झाँसी को निहित होगा।
06. निष्प्रयोज्य सामग्री उठाने का कोई अतिरिक्त भाडा देय नही होगा।
07. निविदादाता को आयकर,जी0एस0टी0 एवं जो भी अन्य कर होगे का भुगतान नियमानुसार स्वयं करना होगा व निविदा के साथ जी0एस0टी0 पंजीयन/पैनकार्ड की छायाप्रति सलंग्न करना अनिवार्य है।
08. सर्शत निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
09. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र झाँसी नगर ही होगा।
10. फर्म को स्क्रेप सामग्री का कार्यादेश निर्गत होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर उठान करना सुनिश्चित करेगे न करने की दशा में अनुबंध की शर्तो के अन्तर्गत कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।
11. ई—निविदा आमंत्रित होने के दिनांक से 10 दिवस तक कर्मशाला में रखे निष्प्रयोज्य सामग्री कन्टेनर्स, हैण्ड ठेला, टायर टियूब, वाहनो से निकले कलपुर्जे, जला हुआ मोबिलऑयल, ई—रिक्सा, कॉपर वायर, एल्मोनियम वॉयर, लीड वॉयर एवं होर्डिग्स से निकला स्क्रेप सामग्री का फर्म द्वारा भौतिक अवलोकन किया जा सकता है।
12. निष्प्रयोज्य सामग्री स्क्रेप हेतु पंजीकृत एजेन्सी/फर्मो द्वारा ही निविदा में प्रतिभाग किया जायेगा अन्य पर विचार नही किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| **अंवर अभियन्ता (वि0/याँ0)** | **प्रभारी कर्मशाला** | **लेखाधिकारी** |
| **मुख्य नगर लेखा परीक्षक** | | **अपर नगर आयुक्त** |